30/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

सुप्रीम कोर्ट ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा दायर उस याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसमें पंद्रह वर्षीय नाबालिक पीड़िता को तीस सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति देने वाले अपने पहले के आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी। साथ ही, न्यायालय ने केंद्र सरकार से बलात्कार पीड़िताओं को बीस सप्ताह से अधिक की अवांछित गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति देने के लिए कानून में संशोधन पर विचार करने को कहा। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि अंतिम निर्णय संबंधित व्यक्ति के पास ही होना चाहिए।

0000000000000000000000

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अरुणाचल प्रदेश की चेरा लोकु ने, बुल्गारिया के बुर्गास में आयोजित पांचवीं विश्व ताइजीक्वान चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, मेपुङ लामगु ने भी इस प्रतिस्पर्धा में 5वां स्थान हासिल किया, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य के एथलीटों की बढ़ती सामर्थ्य और क्षमता को दर्शाता है।

0000000000000000000000

पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य तेनज़िंग नोरबू थोंगडोक द्वारा अरुणाचल के ईस्ट सियांग ज़िले के दो-दिवसीय दौरे के तहत ज़िले के पासीघाट, रुक्सिन और मेबो सब-डिवीज़न में विभिन्न परियोजना स्थलों का दौरा किया गया। उन्होंने मिकोंग गाँव में स्थापित 'कॉमन फ़ैसिलिटी सेंटर' के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। इस केंद्र का निर्माण 'प्रधानमंत्री की पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पहल' (PM-DevINE) योजना के तहत किया गया है। बाद में एक समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए उन्होंने 'उपयोगिता प्रमाण पत्र' एवं 'परियोजना पूर्णता रिपोर्ट' को समय पर जमा करने पर विशेष ज़ोर दिया। यह आश्वासन देते हुए कि NEC नई परियोजनाओं के लिए और अधिक फंड जारी करने हेतु पूरी तरह तैयार है, श्री थोंगडोक ने इंजीनियर्स को सुझाव दिया कि वे छोटी और आवश्यकता-आधारित परियोजनाएँ प्रस्तुत करें।

0000000000000000000000

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित - STEM क्षेत्रों में युवाओं के बीच नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, युवा मामले विभाग, अरुणाचल राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से, 17 जुलाई 2026 को ईटानगर स्थित अरुणाचल प्रदेश विज्ञान केंद्र में 'अरुणाचल साइंस लीग' नामक एक प्रमुख वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। 2026 संस्करण का विषय है "विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए STEM", इसके तहत प्रतिभागियों को ऐसे

स्थायी समाधान तैयार करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। पंजीकरण एक से तीस मई 2026 तक किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता की श्रेणियां इस प्रकार हैं: जूनियर वर्ग के लिए पंद्रह से इक्कीस और सीनियर वर्ग के लिए बाइस से उनतीस वर्ष।

0000000000000000000000

ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और महिला-नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने आज स्वयं सहायता समूहों (SHG) के लिए एक विशेष बचत खाता शुरू करने की घोषणा की। इस खाते की प्रमुख विशेषताओं में न्यूनतम प्रारंभिक जमा राशि की आवश्यकता नहीं, मासिक औसत शेष राशि की अनिवार्यता नहीं, अधिकतम दो लाख रुपये तक की जमा सीमा, खाता बंद करने पर कोई शुल्क नहीं और क्यूआर कार्ड जारी करने पर भी कोई शुल्क नहीं होना शामिल है।

0000000000000000000000

आदि स्टूडेंट्स यूनियन की नव-निर्वाचित टीम द्वारा उपाध्यक्ष दुतिन जामोह के नेतृत्व में, आज ईटानगर के सेन्की व्यू स्थित दीपक नाबाम लिविंग होम में खाद्य सामग्री और नकद सहायता प्रदान की। इस अवसर पर ASU के सदस्यों ने कठिनाइयों का सामना कर रहे

लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के महत्व पर जोर देते छात्र-संबंधित मुद्दों से आगे बढ़कर समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले में चल रहे नशा विरोधी प्रयासों के तहत **मबो दोलुंग ड्रग्स मिमाक टीम** और ईस्ट सियांग पुलिस द्वारा मबो सामुदायिक भवन में एक दिवसीय नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। **'सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के तहत स्वस्थ गांव'** थीम के साथ ऑपरेशन डॉन-2.0 के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक पंकज लांबा एक प्रशिक्षित एंटी-ड्रग दस्ते का नेतृत्व कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर निगरानी रखने की अपील की।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तीन ज़िलों पापुम पारे, ईस्ट सियाङ और लोअर दिबाङ वैली के लिए ऑरेंज एवं अन्य सोलह ज़िलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया हैं। विभाग के अनुसार इन सभी ज़िलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश की संभावना हैं।

0000000000000000000000

सरकार ने उस वीडियो के दावे को खारिज कर दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्कूल जाने वाले बच्चों को मोबाइल पर मुफ्त रिचार्ज देने का वादा करने की बात कही गई है। प्रेस सूचना ब्यूरो की फैक्ट चेक इकाई ने स्पष्ट किया कि यह दावा पूरी तरह फर्जी है और वायरल वीडियो AI की मदद से बनाया गया है। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि ऐसी किसी भी जानकारी की पुष्टि केवल आधिकारिक वेबसाइट www.myscheme.gov.in के माध्यम से ही करें।

0000000000000000000000